अमर उजाला 16/10/2025

# सशस्त्र बलों में कॅरिअर बनाने की दी जानकारी

अंबाला। अंबाला गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के कैरियर गाइडेंस सेल द्वारा और मैनेजमेंट विभाग (एसएफ) एवं कॅरिअर रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) के सहयोग से भारतीय सशस्त्र बलों में कॅरिअर के अवसर विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना के कर्नल विक्रम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सशस्त्र बलों में उपलब्ध विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में जानकारी दी। डॉ. भारती सुजन, डॉ. दिशा अरोड़ा और प्रो. कमलप्रीत कौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना की। संवाद